Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to take necessary measures for construction of railway line on Sangola-Mangalwedha-Solapur route.

डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर) : माननीय सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सोलापुर, महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में सांगोला तहसील है । सांगोला से सोलापुर के बीच की दूरी 80 किलोमीटर है । सोलापुर से सांगोला जाने के लिए केवल सड़क मार्ग उपलब्ध है । सांगोला में अच्छी क्वालिटी के अनार की फसल बड़ी मात्रा में होती है । सांगोला के अनार विदेशों में भी निर्यात किये जाते हैं । इसके साथ ही मंगलवेढ़ा की ज्वार सुप्रसिद्ध है । मंगलवेढ़ा की ज्वार की महाराष्ट्र सहित पूरे देश में मांग है । किसानों को शहर की मंडी से जोड़ने हेतु तथा बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए परिवहन की दृष्टि से रेल बहुत ही कम खर्चीला साधन है । यदि सांगोला मंगलवेढ़ा सोलापुर रेलवे लाइन शुरू होती है, तो सांगोला और मंगल वेड़ा के किसानों को केवल सोलापुर ही नहीं, देश के अन्य शहरों में भी उनको माल भेजने की सुविधा उपलब्ध हो सकती है । सांगोला और मंगल वेड़ा के किसान और व्यापारी द्वारा सांगोला-मंगलवेढ़ा-सोलापुर रेलवे लाइन का तुरन्त सर्वेक्षण करके यह रेल सेवा शुरू करने बाबत निवेदन दिया गया है । मंगल वेड़ा की जनप्रतिनिधि द्वारा रेल मंत्रालय को भी निवेदन दिया गया है । अत: मैं माननीय रेल मंत्री जी से नम्र निवेदन करता हूँ कि सांगोला-मंगलवेढ़ा-सोलापुर रेलवे लाइन निर्माण हेतु सर्वेक्षण करने बाबत उचित निर्णय लिया जाए तथा सांगोला-मंगलवेढ़ा-सोलापुर रेलवे लाइन शुरू करने बाबत मंगलवेढ़ा, सांगोला और सोलापुर के लोक-प्रतिनिधि और रेल मंत्रालय के अधिकारियों की एक बैठक बुलाई जाए । धन्यवाद ।